# अंजलि ने अब्दुल लतीफ से शादी रचाई तो जेठ ने दोस्त की मदद से करवाई फायरिंग

## मुरलीपुरा स्थित रोड नंबर-5 पर बुधवार सुबह हुआ जानलेवा हमला



जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में घायल अंजलि को भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर गोली को निकाल दिया है।



मुरलीपुरा थाना पुलिस ने महिला को गोली मारने वाले तीन बदमाशों को बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक आरोपी फरार है।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी जयपुर के मुरलीपुरा इलाके में बुधवार सुबह विवाहिता को दिनदहाड़े गोली मारने की सनसनीखेज वारदात सामने आयी है। जानकारी के मुताबिक घायल अंजलि पर उसके पति अब्दुल लतीफ के बड़े भाई अब्दुल अजीज ने अपने दोस्त की मदद से जानलेवा हमला कराया था। देशी कट्टे से गोली लगने के कारण घायल हुई विवाहिता सड़क पर ही गिर गई, जिसे पहले शास्त्री नगर स्थित कांवटिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, बाद में एसएमएस अस्पताल में रैफर कर दिया गया। जहां डॉक्टर्स ने ऑपरेशन कर महिला के पेट से गोली निकाल दी है, फिलहाल उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने देर रात इस प्रकरण में तीन बदमाशों मोहम्मद राजा उर्फ राजू, मो. आबिद और मो. कलीम को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात का मास्टरमाइंड अब्दुल अजीज फिलहाल फरार है। हालांकि पुलिस इस प्रकरण को पैसों के लेनदेन का विवाद बता रही है।

- **एसएमएस अस्पताल में डॉक्टर्स ने महिला का ऑपरेशन कर गोली निकाली, फिलहाल हालत स्थिर बनी हुई है।**
- **झोटवाड़ा एसीपी प्रमोद स्वामी के मुताबिक ''पूरा मामला पैसों के लेनदेन का सामने आया है, देर शाम तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।''**

झोटवाड़ा एसीपी प्रमोद स्वामी ने बताया कि फायरिंग में घायल अंजलि बुधवार सुबह रोड नंबर-5 पर स्थित आयुर्वेदिक शॉप पर नौकरी कर रही थी। इस दौरान स्कूटी सवार दो बदमाशों ने देशी कट्टे से उसे गोली मार दी। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से मौके से साक्ष्य जुटाए है। पुलिस ने पीड़िता का बयान लेकर मामला दर्ज किया। देर रात फायरिंग करने वाले बदमाश मो. राजा उर्फ राजू, मो. आबिद और मो. कलीम को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात का मास्टरमाइंड अब्दुल अजीज फिलहाल फरार है।

एसीपी प्रमोद स्वामी ने बताया कि युवती के पति अब्दुल लतीफ और उसके बड़े भाई अब्दुल अजीज के बीच पैसों का लेनदेन का विवाद चल रहा है। आरोपी अब्दुल अजीज ने अपने दोस्त मोहम्मद राजा उर्फ राजू को फायरिंग के लिए तैयार किया था। मो.राजा चूड़ी बनाने का काम करता है। आरोपी राजा ने चूड़ी बनाने वाले अपने परिचित आदिब और कलीम को बुधवार सुबह अंजलि पर हमला करने के लिए भेजा था। स्कूटी पर सवार होकर मुरलीपुरा पहुंचे आबिद ने अंजलि को गोली मारी, जबकि कलीम स्कूटी चला रहा था। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता के पर्चा बयान और घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस बदमाशों तक पहुंची। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में स्वीकारा है कि उन्हें आरोपी अब्दुल अजीज ने फायरिंग के लिए कहा था। पुलिस टीम उसकी तलाश में जुटी है।

वहीं दूसरी ओर युवती के पति अब्दुल लतीफ ने पुलिस को बताया कि उनकी 27 जुलाई 2021 को कोर्ट में लव मैरिज हुई थी। उसके बड़े भाई अब्दुल अजीज और उनके साथी रियाज खान परेशान कर रहे थे। इस संबंध में सदर थाने में भी एफआईआर दर्ज कराई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस से कोई सुरक्षा भी नहीं मिली। जानकारी के मुताबिक पुलिस जांच में सामने आया है कि लतीफ ने अंजलि से पहले भी किसी और लड़की से शादी कर रखी थी। जिसे 25 लाख रुपए देकर तलाक दिया था। दोनों ने मर्जी से शादी की है। उधर सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती अंजलि को डॉक्टर्स ने ऑपरेशन कर गोली निकाल दी है। डॉक्टर्स के मुताबिक गोली लगने के कारण उसके पेट में छेद हो गया था, जिसे सर्जरी करके भर दिया गया है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है।

# ब्यावर नगर पालिका सभापति के निलंबन आदेश रद्द

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने ब्यावर नगर पालिका के सभापति को निलंबित करने के आदेश और बाद में निलंबित करने की अनुमति देने के आदेशों को रद्द कर दिया है। न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश सभापति नरेश कनोजिया की ओर से दायर याचिका को स्वीकार करते हुए दिए।

- **हाईकोर्ट ने झालावाड़ नगर पालिका चेयरमैन संजय शुक्ला को निलंबित करने के आदेश के खिलाफ दायर स्टे प्रार्थना पत्र को भी खारिज कर दिया है।**

याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद और अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को राज्य सरकार ने नियम विरुद्ध पट्टे जारी करने का आरोप लगाते हुए 17 जून को निलंबित किया था। जबकि प्रकरण में स्वायत्त शासन निदेशक की ओर से विभाग के मंत्री को अनुमति के लिए भेजी फाइल में न्यायिक जांच का हवाला दिया गया। इसके बावजूद विभाग ने याचिकाकर्ता को निलंबित कर दिया। ऐसे में सक्षम अधिकारी की अनुमति नहीं होने के कारण निलंबन आदेश को रद्द किया जाए। सुनवाई के दौरान बीते मंगलवार को अदालत ने मौखिक रूप से अतिरिक्त महाधिवक्ता को कहा कि वे राज्य सरकार से ऐसे बिना अधिकार जारी आदेश को वापस लेने की मंशा पूछकर बताए। वहीं बुधवार को सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता अनिल मेहता ने अदालत को बताया कि निलंबन आदेश जारी करने के बाद भी सक्षम अधिकारी की मंजूरी ली जा सकती है और मामले में अब सक्षम अधिकारी से अनुमति ले ली गई है। इसलिए याचिका को खारिज किया जाए। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने 17 जून के निलंबन आदेश और मंगलवार को निलंबित करने की अनुमति के आदेश को रद्द कर दिया है।

वहीं दूसरी ओर हाईकोर्ट ने झालावाड़ नगर पालिका के चेयरमैन संजय शुक्ला को निलंबित करने के आदेश के खिलाफ दायर स्टे प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। राज्य सरकार ने पेटा तालाब की भूमि को लेकर अनियमिता के मामले में संजय शुक्ला को निलंबित किया था।

# अनुराग सिंह ठाकुर का राजपूत सभा ने स्वागत किया



**जयपुर के राजपूत सभा भवन में केन्द्रीय सूचना प्रसारण एवं युवा कार्यक्रम-खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ( दायें से दूसरे ) का स्वागत किया गया। समारोह में अनुराग सिंह ठाकुर एवं राजपाल सिंह शेखावत पूर्व केबीनेट मंत्री ( बायें से दूसरे ) को सभाध्यक्ष रामसिंह चन्दलाई, उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राणावत, महामंत्री बलवीर सिंह हाथोज, संगठन मंत्री धीर सिंह शेखावत, सहमंत्री मोहन सिंह बगड़, कोषाध्यक्ष प्रद्युमन सिंह मुंडरू ने माला, मोमेन्टो और राजस्थानी साफा पहना कर स्वागत किया।**

**जयपुर**, (का.सं.)। केन्द्रीय सूचना प्रसारण एवं युवा कार्यक्रम-खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के स्वागत में राजपूत सभा भवन में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। अनुराग सिंह ठाकुर एवं राजपाल सिंह शेखावत पूर्व केबीनेट मंत्री को सभाध्यक्ष रामसिंह चन्दलाई, उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राणावत, महामंत्री बलवीर सिंह हाथोज, संगठन मंत्री धीर सिंह शेखावत, सहमंत्री मोहन सिंह बगड़, कोषाध्यक्ष प्रद्युमन सिंह मुंडरू एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने माला, मोमेन्टो और राजस्थानी साफा पहना कर स्वागत किया। राजपूत सभा अध्यक्ष ने राजपूत सभा द्वारा करवाये जा रहे कार्यो के बाबत् अवगत कराया पूर्व केबीनेट मंत्री राजपाल सिंह शेखावत ने कहा कि मैं अनुराग जी के पिताजी से काफी मिला लेकिन मुझे आज राजपूत सभा में अनुराग ठाकुर से मिलने का मौका मिला जो कि ऐसी शख्सीयत है चाहे खेल जगत हो चाहे संसद हो और चाहे भारत का रक्षा विभाग हो जिसमें हमेशा अपनी अग्रण भूमिका निभाई है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि राजपूत सभा ने मुझे राजनीतिक लोगों से मिलने के उपरान्त अपने लोगों में बुलाया उसके लिये मैं उनका आभारी हूँ राजपूत सभा समाज को आगे बढ़ाने के लिये सामाजिक स्तर पर शिक्षा, रोजगार एवं सामूहिक विवाह और समाज की कुरितियों को दूर करने का कार्य कर रही है वह सराहनिय है।

जिला अध्यक्ष जयपुर नगर गणपत सिंह राठौड़, जयपुर देहात मोती सिंह सांवली, झुन्झुन पंकज सिंह राठौड़, भरतपुर संगठन मंत्री लक्ष्मण सिंह परमान, संरक्षक सवाई सिंह नदेरा, मानसरोवर इकाई अध्यक्ष बहादुर सिंह शेखावत आदि ने उन्हे माला पहना कर सम्मानित किया।

# प्रदेश में करोना से एक संक्रमित की मौत

## राज्य में बुधवार को 7 जिलों में 14 नए मरीज मिले हैं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में बुधवार को करोना से फिर एक और मरीज की मौत हुई है। वहीं इस बीच 14 नए संक्रमित मिले हैं। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 214 हो गए हैं।

प्रदेश में बुधवार को करोना से जयपुर में एक मरीज की मौत हुई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की मौत हो चुकी है। इधर राज्य में आज 7 जिलों में 14 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले मंगलवार को इनकी संख्या 11 रही थी। पिछले चौबीस घंटों में सर्वाधिक 4-4 नए संक्रमित जयपुर और उदयपुर में मिले हैं। इसके अलावा सीकर में 2 तथा अजमेर, बीकानेर, दौसा और कोटा में एक-एक नया संक्रमित मिला। इस बीच राज्य में 4339 जांचे की गई है।

प्रदेश में बुधवार को केवल 6 ही संक्रमित ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस बढ़कर 214 हो गए हैं। इनमें राजधानी जयपुर में 71 मरीजों का इलाज चल रहा है। जयपुर में आज गांधी नगर, मानसरोवर और सांगानेर में 1-1 नया संकमित मिला है। वहीं एक मरीज का पता गलत पाया गया है।

# सहकारी उत्पाद ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे

**जयपुर**। रजिस्ट्रार सहकारिता एवं प्रशासक कॉनफैड मेघराज सिंह रत्नू ने कहा कि सहकारी क्षेत्र के उत्पादों को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपलब्ध करवाया जाएगा। कॉनफैड के उपहार ब्राण्ड के गुणवत्तापूर्ण उत्पाद घर बैठे लोग उचित मूल्य पर मंगवा सकेंगे। कॉनफैड के सदस्यों को 7.50 प्रतिशत लाभांश वितरण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में उपभोक्ता सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए नवीन सुपर स्टोरों का संचालन किया जाएगा। तथा कॉनफैड को रियायती दर पर जमीन का आवंटन भी राज्य सरकार से करवाया जाएगा। रत्नू बुधवार को कॉनफैड की 37वीं वार्षिक साधारण सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कॉनफैड द्वारा वर्ष 2021-22 में 15 करोड 93 लाख रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 2021-22 में कॉनफैड का कुल टर्न ओवर 1457 करोड 84 लाख रुपए रहा है।

प्रशासक ने कहा कि कॉनफैड एवं सहकारी उपभोक्ता होलसेल भण्डारों की दवाइयों की खरीद के लिए जैनरिक दवाओं के ई-टेण्डर के लिए केन्द्रीकृत व्यवस्था लागू की गई है। वहीं मुख्यमंत्री के निर्देशों की पालना में कॉनफैड द्वारा नोडल एजेंसी के रूप में सहकारी दवा केन्द्रों के लिए कॉमन सॉफ्टवेयर लागू किया गया है।

## रोडवेजकर्मियों की हड़ताल स्थगित

**जयपुर**। राजस्थान रोडवेज के कर्मचारियों की 24 नवंबर को प्रस्तावित हड़ताल बुधवार देर रात वार्ता के बाद स्थगित हो गई। रोडवेज सीएमडी नथमल डिडेल से संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों की वार्ता हुई, जिसमें आगामी एक माह में तमाम मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

## ‘कचरा निस्तारण की ठोस कार्य योजना बनाएं’

**जयपुर**। जयपुर जिला कलेक्टर प्रकश राजपुरोहित ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन और उपयोग के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही उन्होंने कचरा निस्तारण के लिये कार्य-योजना तैयार करने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने एनजीटी के फैसलों की अनुपालना सुनिश्चित करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ ावा देने के लिये आमजन को जागरूक करने के लिये व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने सांभर झील की वर्तमान स्थिति अतिक्रमणों, रख-रखाव आदि के बारे संबंधित उपखण्ड अधिकारी से विस्तृत चर्चा की।

## राजस्थानी गीत को मिले लाखों व्यूज

**जयपुर**। बॉलीवुड तकनीक पर बनी राजस्थानी फिल्म लव यू म्हारी जान के गीत प्रदर्शन से पहले ही लोगों की जुबान पर चढ़ने लगे हैं। फिल्म के निर्देशक मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि पिछले महीने से इसके गीत विभिन्न सोशल मीडिया पर जारी किए थे।

# न्यायिक कर्मचारियों का आंदोलन जारी, डीजे मिलने पहुंचे

**जयपुर**। शहर की निचली अदालत में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के न्यायिक अधिकारी के घर आत्मदाह से जुड़े मामले में अधीनस्थ अदालतों के कर्मचारियों ने बुधवार को पांचवे दिन भी सामूहिक अवकाश जारी रखा। कर्मचारी घटना की सीबीआई जांच और न्यायिक अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच की मांग के साथ-साथ कर्मचारियों ने मृतक कर्मचारी के आश्रितों को 50 लाख रुपए का मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग करते हुए बीते पांच दिनों से सामूहिक अवकाश पर हैं। वहीं एक कर्मचारी की ओर से किए जा रहे आमरण अनशन को लेकर शहर के तीनों जिला एवं सत्र न्यायाधीश धरना स्थल पर पहुंचे और कर्मचारी के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

कर्मचारियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। वहीं जिला अदालत में जाकर प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति के अध्यक्ष बद्रीलाल चौधरी ने बताया कि गुरुवार को धरने के बाद शहीद स्मारक तक रैली निकाली जाएगी। गौरतलब है कि एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत में पदस्थापित कर्मचारी सुभाष मेहरा ने गत दस नवंबर को न्यायिक अधिकारी के घर की छत पर आत्मदाह कर लिया था।

## ''राजएपीकॉन-2022'' 26 से

**जयपुर**। राज्य भर के फिजिशियंस 26 नवंबर से महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में फिर जुटेंगे। कॉन्फ्रेंस दो दिन चलेगी। आयोजन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स ऑफ इंडिया के जयपुर चैप्टर द्वारा महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से यूनिवर्सिटी परिसर के आर एल स्वर्णकार ऑडिटोरियम में किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस ''एमपावरिंग फिजिशियन फॉर हॉलिस्टिक डवलपमेंट'' थीम पर आयोजित होगी।

# वर्ल्ड रेलवे टेबल टेनिस चैंपियनशिप शुरू

**जयपुर**। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, नई दिल्ली की ओर से में उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ, जयपुर द्वारा यूएसआईसी वर्ल्ड रेलवे टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2022 का आयोजन रेलवे ऑफिसर्स क्लब, जगतपुरा, जयपुर में किया जा रहा है। इसका शुभारंभ अपर महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे सिरी गौतम अरोडा ने दीप प्रज्वलन कर किया।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार वर्ल्ड रेलवे टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2022 में भारत सहित कुल 5 देशों की टीमों (चेक रिपब्लिक, डेनमार्क, फ्रांस, स्विट्जरलैंड एवं भारत) के महिला एवं पुरुष खिलाडी भाग ले रहे हैं।

शुभारंभ समारोह में अपर महाप्रबंधक गौतम अरोड़ा ने सभी खिलाडियों को संबोधित करते हुए सभी खिलाड़ियों का जयपुर में स्वागत करते हुए टीम भावना से खेलते हुए जीत की शुभकामनाएं भी दी। शुभारंभ समारोह में अनुज तायल उप महाप्रबंधक सामान्य एवं महासचिव उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ, प्रेम लोचब, सचिव रेलवे खेलकूद संवर्धन बोर्ड, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शुभारंभ समारोह में भारतीय खिलाडी पूर्व ओलंपियन सुतीर्था मुखर्जी ने सभी खिलाड़ियों को खेल की प्रतिज्ञा दिलाई।




**जयपुर के जगतपुरा रेलवे ऑफिसर्स क्लब में यूएसआईसी वर्ल्ड रेलवे टेबल टेनिस चैंपियनशिप-2022 का शुभारंभ उत्तर-पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक गौतम अरोड़ा ने दीप प्रज्वलन कर किया।**

# युवक को लूटकर फरार हुई दुल्हन दिल्ली से गिरफ्तार

## लुटेरी दुल्हन और उसकी गैंग ने शादी के नाम पर मुहाना निवासी युवक से 14 लाख रुपये ऐंठे थे

**जयपुर** (कासं)। मुहाना थाना पुलिस ने शातिर लुटेरी दुल्हन को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। युवती के कथित पिता और अन्य रिश्तेदार पूर्व में गिरफ्तार हो चुके हैं। आरोपित लुटेरी दुल्हन भी कई लोगों से इस तरह की ठगी कर चुकी है। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लेगी।

डीसीपी ( दक्षिण) योगेश गोयल ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने लुटेरी दुल्हन बिनीता मुखी उर्फ संगीता (26) को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला असम की रहने वाली है, जो कि गुरुग्राम हरियाणा में किराए पर रह रही थी। आरोपी दुल्हन पहले से ही शादीशुदा है। आरोपी महिला के कथित पिता और अन्य आरोपी पहले गिरफ्तार हो चुके है। आरोपियों ने पीड़ित युवक से शादी कराने के नाम पर 14 लाख रुपए हड़पे थे।

पुलिस ने बताया कि 14 नवंबर 2021 को मुहाना थाने में पीड़ित रामदयाल शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि अलवर थानागाजी निवासी सुरेश शर्मा और दीपक शर्मा, जयपुर निवासी शंभू दयाल, मुकुंदपुरा निवासी रामचंद्र शर्मा ने संगीता नाम की लड़की को सुरेश शर्मा की पुत्री बताकर उसके साथ शादी करवाई थी। शादी की एवज में 14 लाख रुपए नगद ले लिए थे। संगीता कुछ समय तक रामदयाल की पत्नी बन कर रही और कुछ समय बाद घर से जेवरात और 5 लाख रुपए लेकर गायब हो गई। शादी के बाद दुल्हन घर से गायब हो जाने के बाद रुपए वापस मांगे तो आरोपियों ने पीड़ित को झूठे दहेज और दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी दी थी। आरोपी महिला एक साल से अपना नाम-पता बदलकर और



पहचान छुपाकर फरारी काट रही थी। पुलिस ने आरोपी महिला को दिल्ली से डिटेन करके गिरफ्तार किया है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित महिला बिनीता उर्फ संगीता राजस्थान समेत कई राज्यों में ऐसी गैंग से जुड़कर ठगती है। उसने अब तक कई वारदातें कबूली है। इनकी गैंग के सदस्य उन लोगों को चिन्हित करते हैं, जो पैसे वाले हैं और उनकी शादी नहीं हो रही होती है। शादी कराने के नाम पर यह लोग पहले लाखों रुपए लेते हैं और शादी के कुछ दिनों बाद ही लड़की पैसा और जेवरात लेकर घर से भाग जाती हैं।

## गैर अनुमोदित निर्माण को हटाने पर अंतरिम रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। जेडीए अपीलीय अधिकरण ने न्यू सांगानेर रोड स्थित जेडीए की गैर अनुमोदित योजना महावीर नगर में हुए निर्माण को हटाने पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अधिकरण ने जेडीए को कहा है कि वह निर्माण को सील भी नहीं करे। हालांकि अधिकरण ने निर्माण जारी रखने की अनुमति के संबंध में कोई आदेश नहीं दिए हैं। अधिकरण ने यह आदेश उमा देवी की अपील पर दिए। गौरतलब कि जेडीए की गैर अनुमोदित योजना महावीर नगर में हुए निर्माण को लेकर जविप्रा ने पाया कि निर्माणकर्ता ने बिल्डिंग बायलॉज की अवहेलना करते हुए सड़क सीमा में भी अतिक्रमण कर लिया। मामले में प्रवर्तन अधिकारी की ओर से निर्माणकर्ता को नोटिस दिए गए थे। वहीं अपीलार्थी की ओर से प्रकरण में पेश जवाब को भी खारिज कर दिया था। अपीलार्थी की ओर से अधिकरण में कहा गया कि जेडीए को अपीलार्थी के खिलाफ कार्रवाई करने से रोका जाए।